Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to get NOC for development of Mankhurd Slum in eastern part of Mumbai, Maharashtra.

श्री राहुल रमेश शेवाले (दक्षिण-मध्य मुम्बई) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, मैं मेरे संसदीय क्षेत्र मुंबई साउथ सेंट्रल से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूं । महाराष्ट्र नगर मुंबई के पूर्वी उपनगर मानखुर्द में एक घनी आबादी वाली बस्ती है, जो नेवल आर्म्ड डिपो के समीप है । वहां पर 10,000 मकान बनाने के लिए महाराष्ट्र स्लम पुनर्वास प्राधिकरण द्वारा एक प्रोजेक्ट शुरू करने का विचार किया जा रहा है । क्लस्टर विकास के तहत स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) योजना के माध्यम से महाराष्ट्र सरकार के आवास विभाग द्वारा इस क्षेत्र के लंबे समय से लंबित विकास की प्रक्रिया शुरू की गई है ।

महोदय, महाराष्ट्र नगर में लगभग 90,000 से लेकर 1 लाख तक की आबादी रहती है । स्लम होने के कारण इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए पक्के मकान, सीवरेज लाइन, मनोरंजन केन्द्र, पार्क आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं । इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 70 एकड़ है, जिसमें से 30 से 35 एकड़ में महाराष्ट्र नगर बसा हुआ है ।‘ प्रधानमंत्री आवास योजना ’के अंतर्गत सभी को आवास मुहैया कराने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने वादा किया है । इसलिए महाराष्ट्र सरकार इस क्षेत्र का विकास कर यहां पर मकान बनाने की योजना शुरू करने जा रही है । इस बस्ती के एक तरफ भारतीय नौसेनिक क्षेत्र की सीमा है, जहां नेवल आर्म्ड डिपो स्थित है । इस क्षेत्र के विकास के लिए महाराष्ट्र सरकार को रक्षा मंत्रालय की तरफ से मंजूरी की आवश्यकता है ।

महोदय, अतः मैं आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री जी से यह अनुरोध करता हूं कि उक्त परियोजना के लिए उन्हें यथाशीघ्र एनओसी प्रदान करें, ताकि

वहां रहने वाले लोगों को मकान के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं भी प्राप्त हो सकें और महाराष्ट्र स्लम पुनर्वास प्राधिकरण द्वारा इस क्षेत्र के विकास करने का मार्ग प्रशस्त हो सके ।

माननीय सभापति : डॉ. जी. रणजीत रेड्डी -उपस्थित नहीं ।।

एडवोकेट ए.एम. आरिफ -उपस्थित नहीं ।

श्री हनुमान बेनीवाल जी ।